# PAPER-III
# PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________

(In words)

| D | 0 | 4 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|

Time : 2 $^1/_2$ hours] [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **19**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
9. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।

**PSYCHOLOGY**

मनोविज्ञान

**PAPER – III**

प्रश्नपत्र – **III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

नोट : यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस–बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ** (500) शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Discuss the contribution of bio-psychology in understanding human behaviour.
मानवीय व्यवहार की समझ के लिये जैव-मनोविज्ञान की भूमिका की विवेचना कीजिये ।

**OR / अथवा**

Critically evaluate the reductionistic approach of scientific psychology.
वैज्ञानिक मनोविज्ञान में न्यूनीकरण उपागम का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये ।

2. In what way Psychology helps in optimising the cognitive potential ?
संज्ञानात्मक सामर्थ्य को इष्टतम करने में मनोविज्ञान किस तरह से मदद करता है ?

**OR / अथवा**

Discuss the weaknesses and strengths of behaviourism.
व्यवहारवाद की कमजोरियों और शक्तियों की विवेचना करें ।

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the **three** questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से **तीन** (3) प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल **एक** ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पंद्रह** (15) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ** (300) शब्दों में अपेक्षित है ।

**(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I / ऐच्छिक – I

3. Examine the psychological methods of prejudice reduction with special reference to caste prejudice in Indian society.
   पूर्वाग्रह को कम करने के लिये मनोवैज्ञानिक विधियों का परीक्षण भारतवर्ष में जातीय पूर्वाग्रह के विशिष्ट सन्दर्भ में कीजिये ।

4. Drawing upon classical studies discuss the situational determinants of helping behaviour.
   क्लासीकीय अध्ययनों के आधार पर मददगार व्यवहार के स्थितिपरक निर्धारकों की चर्चा करें ।

5. Citing empirical studies discuss the influence of media on antisocial behaviour.
   आनुभाविक अध्ययनों का उदाहरण देते हुए समाज विरोधी व्यवहार पर मीडिया के प्रभाव की चर्चा करें ।

### Elective – II / ऐच्छिक – II

3. Discuss the factors which can influence physical growth and maturation in adolescence.
   किशोरावस्था में शारीरिक विकास और परिपक्वता को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना करें ।

4. Describe the cognitive and behavioural components of moral development.
   नैतिक विकास के संज्ञानात्मक और व्यवहारपरक घटकों का वर्णन करें ।

5. Describe the key concepts involved in phonological development.
   स्वनिमिक विकास से जुड़ी मुख्य अवधारणाओं का वर्णन करें ।

### Elective – III / ऐच्छिक – III

3. Discuss various dimensions of teaching. Explain characteristics of an effective teacher.
   अध्यापन के विभिन्न आयामों की चर्चा करें । प्रभावशील अध्यापक की विशेषताएँ स्पष्ट करें ।

4. Which individual differences need special consideration for guidance and counselling in secondary schools ? Why ?
   माध्यमिक स्कूलों में मार्गदर्शन और परामर्श के लिये कौन सी व्यक्तिगत भिन्नताओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये ? क्यों ?

5. Discuss various types of motivation. What is the relation between motivation and learning ?
   विभिन्न प्रकार की अभिप्रेरणाओं की विवेचना करें । अभिप्रेरणा और अधिगम के बीच क्या सम्बन्ध है ?

**Elective – IV / ऐच्छिक – IV**

3. Propose a training plan for stress management for middle level executives.
मध्य स्तर के कार्यपालकों के लिये तनाव प्रबन्धन की प्रशिक्षण योजना का प्रस्ताव तैयार करें ।

4. Discuss strategies to improve work culture in a small scale industrial unit.
लघु पैमाने की औद्योगिक इकाई में कार्य संस्कृति सुधारने की रणनीतियों की विवेचना करें ।

5. In the light of recent researches discuss procedures of training to improve work culture.
हाल ही के शोध कार्यों के प्रकाश में कार्य-संस्कृति सुधारने के लिये प्रशिक्षण की प्रक्रियाओं की विवेचना करें ।

**Elective – V / ऐच्छिक – V**

3. What do you understand by Community Mental Health ? Explain various intervention methods in improving it.
सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य से आप क्या समझते हैं ? उसे सुधारने के विभिन्न हस्तक्षेप विधियों को स्पष्ट करें ।

4. What are various levels of Mental Retardation ? Explain functionality and non-functionality at each level.
मानसिक मंदता के विभिन्न स्तर क्या हैं ? प्रत्येक स्तर पर प्रकार्यात्मकता और गैर-प्रकार्यात्मकता को स्पष्ट करें ।

5. Describe the process of systematic desensitization in the treatment of Phobias.
भीति (फोबिया) के उपचार में व्यवस्थित विसंवेदनीकरण की प्रक्रिया का वर्णन करें ।

## SECTION – III
## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Differentiate between operant and classical conditioning.
क्रियाप्रसूत और क्लासीकीय अनुकूलन के बीच अन्तर करें ।

7. Give one multi-stages model of memory and explain it.
स्मृति का एक बहु-स्तरीय मॉडल दीजिये और उसकी व्याख्या करें ।

8. Describe the basic structure of language.
भाषा की मूलभूत संरचना का वर्णन करें ।

9. How the strength of power motive can be assessed ?
शक्ति अभिप्रेरण के बल का मूल्यांकन किस प्रकार किया जा सकता है ?

10. What is regression argument ?
प्रत्यावर्तन तर्क क्या है ?

11. Describe epigenetic model of human development proposed by Erikson.
एरिक्सन द्वारा प्रस्तुत मानवीय विकास के पश्चप्रजननात्मक मॉडल का वर्णन करें ।

12. Why we use rotation in Factor Analysis ?
खंड (या कारक) विश्लेषण में हम घूर्णन का उपयोग क्यों करते हैं ?

13. What is Factorial Validity ?
कारक वैधता क्या है ?

14. Give a brief description of non-invasive methods of studying brain.
मस्तिष्क का अध्ययन करने की गैर-छेदक विधियों का संक्षेप में वर्णन करें ।

## SECTION – IV
## खंड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच** (5) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस** (30) शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच** (5) अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

A positive reinforcer is a stimulus or event which, when it is contingent on a response, increases the likelihood that the response will be made again. A negative reinforcer is a stimulus or event which, when its cessation or termination is contingent on a response, increases the likelihood that the response will occur again. A punisher is a stimulus or event which, when its onset is contingent on a response, decreases the likelihood that the response will occur again. In omission of reinforcement, or omission training, positive reinforcement is withdrawn following a response. This has the effect of decreasing the likelihood of the behaviour leading to the removal of positive reinforcement.

Escape learning is an example of instrumental conditioning based on negative reinforcement.

In avoidance learning, the learned response is made before the onset of a noxious event and thus prevents the learner from being exposed to the noxious event. The noxious event is therefore avoided. Avoidance learning is explained in terms of the concepts of species-typical defense reactions and safety signals. Extinction of avoidance learning is often quite slow.

Punishment decreases the likelihood that a response will be made and is thus involved in learning what not to do. Among the factors involved in the effectiveness of punishment are its intensity, its consistency, the contingency between behaviour and punishment, the strength of the response being punished, and adaptation to punishment. Punishment may be quite effective when it is used to suppress one behaviour while, at the same time, positively reinforcing other behaviours.

सकारात्मक पुनर्बलन उद्दीपक या घटना है जो, जब वह अनुक्रिया पर निर्भर करता है तो, इस बात की संभाविता बढ़ा देता है कि अनुक्रिया फिर से की जाएगी । नकारात्मक पुनर्बलक वो उद्दीपक या घटना है जो, जब उसका ठहराव या समाप्ति अनुक्रिया पर निर्भर करता है तो, इस बात की संभाविता बढ़ जाती है कि अनुक्रिया फिर से होगी । दंडदेयता वो उद्दीपन या घटना है जो, जब उसकी शुरुआत अनुक्रिया पर निर्भर करती है, तो इस बात की संभाविता कम कर देती है कि अनुक्रिया फिर से होगी । पुनर्बलन की लुप्ति या विलुप्ति प्रशिक्षण में, अनुक्रिया के बाद, सकारात्मक पुनर्बलन हटा दिया जाता है ; इसका प्रभाव सकारात्मक पुनर्बलन को हटाने की ओर प्रवृत्त करने वाले व्यवहार की संभाविता को कम करने का होता है ।

पलायन अधिगम, नकारात्मक पुनर्बलन पर आधारित नैमेत्तिक अनुकूलन का उदाहरण है ।

परिहार अधिगम में, हानिकर घटना के शुरू होने से पूर्व पांडित्यपूर्ण अनुक्रिया की जाती है जो सीखने वाले को हानिकर घटना का सामना करने से रोकती है । इसलिये हानिकर घटना से दूर रहा जाता है । परिहार अधिगम की व्याख्या, उपजाति-प्रारूपिक रक्षा प्रतिक्रियाएँ और सुरक्षा संकेतों की अवधारणाओं के सम्बन्ध में की जाती है । परिहार अधिगम का विलोप अक्सर काफी धीमा होता है ।

दंड इस बात की संभाविता कम कर देता है कि अनुक्रिया की जाएगी और इसलिये क्या नहीं करना है के अधिगम में अंतर्ग्रस्त रहता है । दंड की प्रभावशीलता से जुड़े कारकों में शामिल हैं - उसकी तीव्रता, उसकी सघनता, व्यवहार और दंड के बीच निर्भरता, दंडित होने वाली अनुक्रिया का बल, और दंड के साथ अनुकूलन । दंड काफी प्रभावपूर्ण हो सकता है जब उसका उपयोग एक व्यवहार को दबाने के लिये किया जाता है और, इसके साथ ही अन्य व्यवहारों को सकारात्मक रूप से पुनर्बलित किया जाता है ।

15. What is the difference between escape learning and avoidance learning ?
पलायन अधिगम और परिहार अधिगम के बीच क्या अन्तर है ?

16. Is punishment equal to avoidance learning ?
क्या दंड परिहार अधिगम के समान है ?

17. What are the variables affecting effectiveness of punishment ?
दंड की प्रभावपूर्णता पर असर डालने वाले चर क्या हैं ?

18. Compare omission, escape and avoidance training.
लुप्ति, पलायन और परिहार प्रशिक्षण की तुलना करें ।

19. Evaluate effectiveness of omission, escape and avoidance training.
लुप्ति, पलायन और परिहार प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करें ।

**Space For Rough Work**

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................